अतिक्षा सिंह ने पानीपत ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता



नजीबाबाद (वि)। पानीपत में सीबीएसई द्वारा आयोजित ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप में सागरमती मेमोरियल एकेडमी की कक्षा 9 की छात्रा अतिक्षा सिंह ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता बाल विकास पब्लिक स्कूल पानीपत में हुई, जिसमें भारत और सप्त जोन के खिलाड़ी शामिल थे।

अतिक्षा ने मूलचंद अकैडमी, नजीबाबाद में स्वर्ण पदक जीतकर इस प्रतियोगिता में स्थान बनाया। उन्होंने अंडर 17 आयु वर्ग और अंडर 59 वेट कैटिगरी में हिस्सा लिया। अतिक्षा ने फाइनल ईस्ट जोन, मऊनी अरब और राजस्थान के खिलाड़ियों को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में साउथ जोन की खिलाड़ी से हारकर उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। स्कूल प्रबंधक एडवोकेट राजीव चौहान और प्रिंसिपल प्रेमराज ने अतिक्षा व कोच अमृता झा को बधाई दी। स्कूल लौटने पर अतिक्षा के भव्य स्वागत का आह्वासन भी मिला। इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है।

पुलिस की पाठशाला

सतर्कता और जागरूकता जरूरी

- सोशल मीडिया या मोबाइल फोन पर किसी को अपने निजी फोटो न दें। आपके फोटो के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है, उसका गलत इस्तेमाल भी किया जा सकता है। सोशल मीडिया का इस्तेमाल सुरक्षित रहते हुए करें।
- अधिकारों से ऊपर अपने कर्तव्य को रखें, क्योंकि जिस समाज में कर्तव्य करते हैं वहां अधिकार सुरक्षित रहते हैं। कुछ भी गलत लगे तो पुलिस से शिकायत करें, अगर थाने में सुनवाई नहीं हुई तो पुलिस के उच्च अफसरों के समक्ष अपनी बात रखें।



जानकारी के मंत्र से जागरूक बनें

बिजनौर में विवेक यूनिवर्सिटी में आयोजित पुलिस की पाठशाला में एसपी वेब्के सिन्हाई ने छात्राओं को साइबर ठगी, महिला अपराध के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलपति अमित गोयल व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। संवाद

सवाल-जवाब

सवाल : सौम्य (बीएनएस प्रथम वर्ष की छात्र) ने पूछा कि आयुर्वेद में बैचलर डिग्री लेने के बाद फार्मासिस्ट की तैयारी कैसे की जा सकती है

जवाब : मेडिकल की पढ़ाई के साथ-साथ सिविल सर्विस की तैयारी भी करते रहें इसके लिए किताबें पढ़ें। कोई भी व्यक्ति एक दिन में सफल नहीं होता लंबा संघर्ष करना होता है कभी-कभी बुरा भी लगता है लेकिन सारी बातों को दरकिनार कर कड़ी मेहनत करते रहें।

सवाल : तमन्ना (नर्सिंग की छात्रा) अगर कोई गलत नीयत से पीछा करे तो क्या किया जाए। खतरे को भांपकर कैसे मुकाबला करें।

जवाब : अपने साथ हमेशा पेपर स्प्रे रखें, जब आपको बचाने के लिए आसपास कोई न हो तो ऐसे में जबरदस्ती करने वाले के इन अंगों पर प्रहार करें जहां उसे सबसे ज्यादा चोट लगे। इसके साथ ही डायल 112 या 1090 पर भी कॉल करें। महज 6 मिनट में आपके पास पुलिस भी पहुंच जाएगी।

सवाल : माही (नर्सिंग की छात्रा) अगर कोई फोटो एडिट करके वायरल कर दे तो इस स्थिति में क्या किया जाए।

जवाब : तुरंत पुलिस से संपर्क करें। घबराएं नहीं, बल्कि खुलकर सामने आएं। पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 1076 या 1090 पर कॉल करें। पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। हेल्पलाइन नंबर पर कार्रवाई के बाद में फीडबैक भी लिया जाता है।

सवाल : स्वाति (बीएनएस की छात्रा) सड़क पर चलते हुए वाहन टकराने पर मारपीट की स्थिति बनती है तो क्या करें।

जवाब : सड़क पर किसी से झगड़ा नहीं करना चाहिए। अगर दूसरे वाहन की गलती है तो उसका फोटो खींचकर उसकी सूचना पुलिस को दें। गुस्सा नहीं करना चाहिए, पलभर के गुस्से के परिणाम घातक होते हैं।

न्यूज डायरी

कक्षा 9 व 11 के अग्रिम पंजीकरण की तिथि बढ़ी

बिजनौर। माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र ने शैक्षिक सत्र 2026.27 में कक्षा 9 और कक्षा 11 के संसाधित विद्यार्थियों के अग्रिम पंजीकरण के लिए निर्धारित तिथियों में वृद्धि कर 30 सितंबर कर दी है। डीआइओएस डीके सक्सेना ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य को इस संबंध में जारी पत्र में निर्देश दिए। विद्यार्थियों का शैक्षिक विकास परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। परिषद ने इसके लिए संशोधित अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की है। विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय सीमा के भीतर शुल्क जमा कर ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि विद्यार्थियों का अग्रिम पंजीकरण समय से सुनिश्चित हो सके। संवाद

अनुकल्प त्यागी ने नीट पीजी एंट्रेंस परीक्षा पास की



अनुकल्प त्यागी (मेडिकल पीजी एंट्रेंस)

नजीबाबाद। नगर के होनहार अनुकल्प त्यागी ने मेडिकल पीजी 2026 एंट्रेंस परीक्षा उत्तीर्ण की। अनुकल्प का वर्ष 2020 में एमबीबीएस में चयन हुआ था। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन के अंतर्गत आयोजित नीट पीजी 2026 एंट्रेंस परीक्षा में नगर के अनुकल्प त्यागी ने ऑल इंडिया 8700 वीं रैंक प्राप्त की। नगर के चाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशुल त्यागी के पुत्र अनुकल्प त्यागी ने केएमसी मनीपाल कर्नाटक से एमबीबीएस किया। सेंट मैरी नजीबाबाद और सेंट जॉर्जेज मसूरी से शिक्षा प्राप्त अनुकल्प त्यागी का वर्ष 2020 में एमबीबीएस में चयन हुआ था। अनुकल्प ने उपलब्धि का श्रेय अपने पिता डॉ. अंशुल त्यागी, माता डॉ. कल्पना त्यागी और शिक्षकों को दिया। संवाद

क्षेत्रीय खेलकूद में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

70वीं पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता : 20 विद्यालयों ने किया प्रतिभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

धामपुर। आरएसएम इंटर कॉलेज में 70वीं पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को तहसील क्षेत्र के लगभग 20 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को कॉलेज की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. ओपी यादव ने बताया कि 200 मीटर सब जूनियर दौड़ बालिका वर्ग में अंजली जोशी, मिताली कुमारी शिर्पसी, 200 मीटर जूनियर बालिका वर्ग दौड़ में कुमारी सुहानी, कुमारी शिफा, आशा खातून, 200 मीटर सीनियर बालक वर्ग दौड़ में शिवम कश्यप, रोंयित सैनी, तुषार, 200 मीटर जूनियर दौड़ बालक वर्ग में मोहम्मद रिहान, मोहम्मद रिहान, सानिध, सीनियर बालक वर्ग लंबी कूद में प्रिंस कुमार, तुषार कुमार, शिवम कुमार, जूनियर बालक वर्ग लंबी कूद में पीयूष, रिहान, मुकुल कुमार क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।



धामपुर के आरएसएम डिग्री कॉलेज में रोवर्स रेंजर्स कार्यक्रम समापन के बाद एकत्र छात्र-छात्राएं। फोटो : महाविद्यालय

तीन किलोमीटर जूनियर बालक पैदल चाल में सानिध, प्रिंस कुमार, सौरभ कुमार, सोनिया बालक चक्का फेंक में अमित कुमार, तरुण कुमार, सुधांशु कुमार, जूनियर बालक वर्ग शॉट पुट में रोहित धामपुर, रिहान स्पोहारा मोहम्मद अलम मुकारपुरी, क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

जूनियर बालिका वर्ग लंबी कूद में कुमारी यशी, कुमारी लिशा, कनिका, तीन किलोमीटर पैदल चाल बालिका जूनियर वर्ग में चांदिका, कुमारी छाया, मानवेंद्र, जूनियर चक्का फेंक बालक वर्ग में अफसान, हयात, सौरभ, सब जूनियर बालिका वर्ग लंबी कूद में कुमारी कनक, कुमारी सुहानी, कुमारी वर्षा, 100 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग बालिका में कुमारी सुहानी, पशी कुमारी, कुमारी आलिश क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग दौड़ में कुमारी संध्या रानी, कुमारी मानवी यादव, कुमारी जैशु, सीनियर बालक वर्ग गोला फेंक में अभिषेक कुमार, हर्ष कुमार, अलम अहमद क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

सोफिया, तनु एवं नूर अफशा बनीं पावर एंजेल

बिजनौर। कंपोजिट विद्यालय भोजपुर में मीना मंच के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को मीना का जन्मदिन उल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा आठ की छात्रा सोफिया, कक्षा सात की छात्रा तनु, कक्षा छह की छात्रा नूर अफशा को पावर एंजेल चुना गया। पावर एंजेल द्वारा केक काटा गया। इस अवसर पर राक्षन के दस चेहरों के माध्यम से काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, आलस्य, झूठ व लालच जैसी बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया गया। संवाद

भगवंत इंस्टीट्यूट में फार्माकोविजिलेंस पर व्याख्यान



मुजफ्फरनगर। (वि)। भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में 6वें राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह 2026 पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। साइनोस हेल्थ के रुद्र कुमार माहेश्वरी ने औषधि सुरक्षा, प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं और दवाओं के तर्कसंगत उपयोग पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने फार्माकोविजिलेंस की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। सहायक निदेशक डॉ. कुलभूषण गुप्ता, उप निदेशक डॉ. पुष्पेन्द्रल, प्रधानाचार्य डॉ. सचिन सिंघल और विभागाध्यक्ष अंशिका अग्रवाल भी उपस्थित रहे।



गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर में आयुर्वेद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित छात्राएं। संवाद

हास्य और करुणा का अनूठा संगम हैं चार्ल्स लैम्ब के निबंध

संवाद न्यूज एजेंसी

चांदपुर। गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की ओर से इंटरप्ले ऑफ ह्यूमर एंड पैथोस इन चार्ल्स लैम्ब्स एसेज विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया।

सेमिनार में अंशिका, राधा, अर्शी, जेबा अली, भूमिका अहलावत, माही गोस्वामी, मनु वर्मा, छवि वर्मा, समीरा, विधि नामदेव, शारिका नूर, आयशा परवीन, अलीशा परवीन, शेफाली सिंह, निशा, हिमानी, भूमिका कुमारी, कामिनी सिंह, सारिका आदि ने छात्र-छात्राओं ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए।

डॉ. कुलदीप ने विद्यार्थियों को पेपर प्रेजेंटेशन की बारीकियों से परिचित कराते हुए उपयोगी सुझाव दिए। आस मोहम्मद ने कहा कि लैम्ब के निजी जीवन के संघर्ष और पारिवारिक दुख उनके लेखन की नींव बने।

डॉ. साजिद अंसारी ने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से लैम्ब की रचनाओं में छिपे हास्य और करुणा को स्पष्ट किया। डॉ. उदिता राजपूत ने कहा कि उनका हास्य सतही नहीं, बल्कि जीवन के गहरे दर्द और त्रासदियों से उपजा है। असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद सलीम ने विद्यार्थियों की ऊर्जा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर सीखने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तालान ने कहा कि चार्ल्स लैंब अंग्रेजी साहित्य के ऐसे निबंधकार हैं, जिनकी रचनाओं में हास्य और करुणा एक ही सिक्के के दो पहलू के रूप में उभरते हैं। कार्यक्रम का संचालन अर्शी और अंशिका ने संयुक्त रूप से किया।

मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में धामपुर की छात्रों ने पाया प्रथम स्थान

धामपुर। कन्या इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत चित्र गुप्त कॉलेज मुरादाबाद में 23 सितंबर को आयोजित मंडल स्तरीय कहानी वाचन एवं हस्तशिल्प प्रतियोगिता में कन्या इंटर कॉलेज धामपुर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य रेखा देवी ने बताया कि हस्तशिल्प प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा सायमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कहानी वाचन प्रतियोगिता में छात्राओं अक्शा एवं अलीशा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने करने के बाद विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया।

प्रधानाचार्या रेखा देव, सदस्य प्रियंका माहेश्वरी ने विजेता छात्राओं की हौसला अफजाई की। कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिणाम है।

उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता की तैयारी में शिक्षिका प्रीति रानी और अमृता चौहान एवं स्टाफ सहयोग रहा। संवाद

किरतपुर की नैनी झील में संचालित होगा कयाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

बिजनौर। जिले के अम्हेड़ा अमृत सरोवर में साल 2023 में पश्चिम यूपी का पहला कयाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र शुरू हुआ था लेकिन सरोवर में पानी की कमी से प्रशिक्षण प्रभावित हुआ। ऐसे में अब किरतपुर की नैनी झील में कयाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र संचालित होगा।

कयाकिंग कैनोइंग का प्रशिक्षण लेने के लिए अम्हेड़ा केंद्र पर रोजाना 20 खिलाड़ी पहुंच रहे थे। मगर, गर्मियों में वहां का पानी सूख गया। अमृत सरोवर में पानी भरने की कोई व्यवस्था नहीं होने से खिलाड़ियों का प्रशिक्षण प्रभावित हुआ। जिसके चलते अब प्रशिक्षण केंद्र किरतपुर की नैनी झील को बनाया है। इस संबंध में बदरुद्दीन निवासी मोहल्ला बुद्धपाड़ा, अहमद खान कॉलोनी, किरतपुर और जिला क्रीड़ाधिकारी के बीच अनुबंध हुआ है। 21 सितंबर 2026 से 31 अगस्त 2028 तक किरतपुर की नैनी झील में कयाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण संचालित होगा।

नैनी झील में प्रशिक्षण केंद्र के संचालन से जिले खिलाड़ियों को कयाकिंग एवं कैनोइंग का निर्धारित प्रशिक्षण उपलब्ध होगा। इससे खेल को बढ़ावा मिलेगा। नैनी झील का दो साल के लिए अनुबंध किया गया है।
- राजकुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी, बिजनौर

जिला क्रीड़ाधिकारी राजकुमार ने बताया कि निर्धारित अवधि में नैनी झील में ऐसी कोई अन्य गतिविधि संचालित नहीं होगी। प्रशिक्षण के लिए कोच फिरोज खान को नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण का समय सुबह पांच बजे से नौ बजे तक और शाम को तीन बजे से शाम सात बजे तक निर्धारित किया गया है।

कार्यालय सहायक निबन्धक कर्मचारी सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजयपाल सिंह द्वारा संस्था औरिया पंचित संगठन समिति, ग्राम नवादा तथा पोस्ट नवादा तहसील गजरौला, जिला अमरोहा का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्रपत्र अभिलेखों के अनुसार सचिवों, 1. अजयपाल सिंह- अध्यक्ष, 2. चन्द्र प्रकाश उपाध्यक्ष, 3. दिनेश कुमार प्रबन्धक, 4. राकेश सिंह- उपाध्यक्ष 5. चन्द्रपाल सिंह कोषाध्यक्ष, 6. कमलाश उपाध्यक्षा, 7. भीम सिंह- सचिव, 8. रमापति- उपाध्यक्ष, 9. प्रकाशवती- संगठक, 10. राजेश उपाध्यक्ष 11. कृष्णपाल जयप्रकाश, 12. अजीत सिंह, 13. अकरम कुमार, 14. पंकित कुमार, 15. निधी, 16. गीता, 17. पवन कुमार, 18 नागेश, 19. उमेश, 20. सतपाल सिंह 21. धर्मवीर - सदस्य दर्शाये गये हैं।
अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मूलरूप प्रमाणन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और पूर्व-देय के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।
निर्देश से कि उक्त नोटिस सी०सी०आर्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारीकिया जा रहा है।
आज मे-(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक

कार्यालय सहायक निबन्धक कर्मचारी सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद
सूचना
संख्या/2026-2027/एम०सी०/13914/मुरादाबाद दिनांक 23.9.2026
1- Fr. Jakson c/o Mr. Varghese P.C Former Director, Address Ashadeep Dhodrajpur Khajuva PO Nagina Via Bijnor.
2- Sr. Pavana Fcc c/o Mr. Kochapan, Former Secretary, Address Ashadeep Dhodrajpur Khajuva PO, Nagina Via Bijnor, U.P. 3- Sr. Ancil DST c/o Mr. Cherian, Address Ashadeep Dhodrajpur Khajuva PO, Nagina Via Bijnor, U.P.
4- Sr. Alphonsa DST c/o Mr. Varkey M. K. Address Ashadeep Dhodrajpur Khajuva PO, Nagina Via Bijnor, U.P.
5- Fr. James CMI c/o Mr. Jose V.C Address Ashadeep Dhodrajpur Khajuva PO, Nagina Via Bijnor, U.P.
विषयः- संस्था आरोपीय चैरिटेबल सोसाइटी, जिला बिजनौर के संबंध में।
महोदय, उपरोक्त विषयक संस्था का पंजीकरण किये जाने हेतु प्रपत्र कार्यालय में दिनांक 05.09.2026 को प्रस्तुत किये गये हैं। प्रपत्र उपसमितियों की सूची वर्ष 2026 में आपको उपलब्ध नहीं दर्शाये गया है। उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि आपकी कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति/अभ्यावेदन लिखित रूप के माध्यम से पत्र जारी होने की तिथि से दो माह के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
(आनन्द विक्रम सिंह) सहायक रजिस्ट्रार

कार्यालय पर्यवेक्षण प्रबन्धक, यूनिट-9
कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)
(उप्र0 सरकार का उपक्रम)
2-शंकरलाल (निकट संदीप गैस एजेंसी), दिल्ली रोड, जगतपुर
प्रधान कार्यालयः टी-सी-3बी, विमुक्तिखण्ड, गोमतीनगर लखनऊ-226010
Ph. No. 0132-3580995
e-mail id:- pmu9cds@gmail.com
NIT NO-1830/E-Tender/192
Date:- 22.09.2026
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद न्यायालय सहारनपुर परिसर में स्थित न्याय भवन ब्लॉक-बी के वृहद् मरम्मत कार्य अनुमानित लागत ₹ 51.81 लाख (लेबर सेस सहित एवं जी.एस.टी. रहित) हेतु दिनांक 01.10.2026 अपराह्न 17:00 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य हेतु ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 23.09.2026 से दिनांक 01.10.2026 को 17:00 बजे के मध्य उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते है तथा ई-निविदा दिनांक 03.10.2026 को 13:30 बजे कार्यालय परियोजना प्रबन्धक यूनिट-09, सी. एण्ड डी.एस., उ.प्र. जल निगम (नगरीय), सहारनपुर में खोली जायेगी। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹ 5900.00 (₹5000.00+GST (18%) अतिरिक्त देय होगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट www.cdsupjn.org एवं प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किये जायेंगे, इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा। निविदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाईट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

EDUCATION HUB
BHAGWANT INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
17th Milestone, Bijnor-Delhi Highway, Near Ganga Ralraj, Bhagwantpuram, Muzaffarnagar (U.P.)-251315
सीधे प्रवेश प्रारम्भ
Course:
GNM / ANM
रिक्त सीटों पर
GNM एवं ANM कोर्स में सीधे प्रवेश
पहले आओ, पहले पाओ
(सीटें सीमित हैं।)
कृपया जल्द से जल्द संस्थान में संपर्क कर अपनी सीट सुनिश्चित करें
उत्तम शिक्षा | आधुनिक सुविधाएं | अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी | उज्ज्वल भविष्य की दिशा
संपर्क सूत्र / Contact Numbers:
8859901115 | 8859901116 | 8859901120

COLLEGE CODE-1545/1392
8449882385
7818807081
7818811254
S.S.D. COLLEGE
APPROVED AND AFFILIATED BY UPSMF/PCI/UPBTE
G.N.M सीधे प्रवेश
आकर्षक छूट के साथ
*अनुसूचित जाति की छात्र-छात्राओं हेतु शुल्क में विशेष छूट
डी.फार्मा (कम्पलीट फीस केवल 45000/-)
नजीबाबाद-जोगीरमपुरी रोड, गढ़मलपुर रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज के सामने, नजीबाबाद

कार्यालय जिलाधिकारी, मेरठ
पत्रांक : 237 / ई०डी०एम० / सी०एस०सी० 4.0/ई-निविदा/2026 दिनांक : 24.09.2026
डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेन्स सोसाइटी (डी०ई०जी०एस०) जनपद मेरठ
निविदा सूचना
सी०एस०सी० 4.0 परियोजना के क्रियान्वयन के अन्तर्गत 03 वर्ष के लिए कॉमन सर्विस सेन्टर की स्थापना हेतु नवीन 02 डिस्ट्रिक्ट सर्विस प्रोवाइडर (डी०एस०पी०) का चयन किया जाना है, जिस हेतु ई-निविदा दिनांक 25-09-2026 से 20-10-2026 तक डाउनलोड कर पोर्टल पर अपलोड की जा सकती है। निविदा में प्रतिभाग करने हेतु अर्हता का सम्पूर्ण विवरण ई-टेण्डर पोर्टल https://etender.up.nic.in सी०ई०जी० की वेबसाइट https://upite.gov.in/CEG/Index.aspx तथा जनपद की वेबसाइट https://meerut.nic.in पर उपलब्ध है।

विवरण	दिनांक
टेण्डर डाउनलोड / अपलोड प्रारम्भ की तिथि	दिनांक 25-09-2026 को प्रातः 11:00 बजे से
टेण्डर अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	दिनांक 20-10-2026 को सायं 05:00 बजे तक
तकनीकी बिड / निविदा प्रपत्र उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि	दिनांक 21-10-2026 को सायं 03:00 बजे तक
टेण्डर (तकनीकी बिड) खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 22-10-2026 को प्रातः 11:00 बजे

निविदा शुल्क धनराशि (नॉन रिफन्डेबल) प्रति संस्था रू० 20,000 (बीस हजार रूपये) + GST District e Governance Society, Meerut के पक्ष में डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करना संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(डा० बी०के० सिंह)
जिलाधिकारी, मेरठ

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
सरफेसी अधिनियम के अनुसार, ऋणी/गारन्टर/ बंधककर्ता को वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना
शाखाः शेरोवाली कोठी बिजनौर, नगीना रोड थाना कोतवाली के सामने, बिजनौर (उ0प्र0)– 246701
फोन नं0: 8477009464, ई–मेलः BLYBIJ@bankofbaroda.com

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों का तथा विशेष रूप से ऋणकर्ताओ और प्रत्याभूति–दाताओ को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता है) प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा, द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर नीचे वर्णित चुक कर्ताओं से वसूली हेतु नीलाम किया जायेगा। उधारकर्ता(ओ)/बंधककर्ता/गारन्टर(ओ)/सुरक्षित परिसंपत्ति/बकाया/ आरक्षित मूल्य/ ई–नीलामी की तारीख और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे उल्लेख किया गया है।

क्रं. सं.	शाखा का नाम एवं ऋणकर्ता/गारन्टर/बंधककर्ता के नाम व पता	ज्ञात ऋणभार सहित अचल संपत्ति का विवरण यदि कोई बंधक हो	कुल बकाया राशि	ई–नीलामी की तिथि व समय	रिजर्व मूल्य / ईएमडी मूल्य / न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (भौतिक/रचनात्मक)	संपत्ति का निरीक्षण और समय
1.	**शाखाः शेरोवाली कोठी, बिजनौर** **1.** मैसर्स कमल मेडिकोस, प्रोपराइटर श्री राकेश कुमार पुत्र श्री करण सिंह, साकेत कॉलोनी, नेहरू स्टेडियम के सामने, सिविल लाइंस-2, बिजनौर, उत्तर प्रदेश- 246701। **2.** श्री नरेश कुमार गुलाटी पुत्र मनोहर लाल गुलाटी, निवासी पंजाब कॉलोनी, मकान नंबर गोविंद नगर, सिविल लाइंस, बिजनौर-246701 **(गारंटर)**। **3.** श्री टीकम सिंह सेंगर पुत्र बलवंत सिंह, निवासी बैराज रोड, आवास विकास कॉलोनी, बिजनौर- 246701 **(गारंटर)**।	बंधक आवासीय सम्पत्ति, जिसका क्षेत्रफल 166.00 वर्ग मीटर है, ग्राम फरीदपुर खेमा (वर्तमान में साकेत कॉलोनी के नाम से जाना जाता है), नेहरू स्टेडियम के सामने, बिजनौर में स्थित है। श्री राकेश कुमार पुत्र डॉ. करण सिंह रस्तोगी के नाम पर पंजीकृत है। सीमाएं निम्नानुसार हैं पूर्व- अन्य संपत्ति, पश्चिम- 12 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर- राजीव वर्मा की संपत्ति, दक्षिण- अमित शर्मा का मकान।	रु0 **76,92,220.46** + प्रभावी ब्याज एवं खर्चे दिनांक 11.04.2026	**07.11.2026** दोपहर 02.00 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच	रिर्जव मूल्य– रू. 48,51,000/- ईएमडी मूल्य– रू. 4,85,100/- बोली राशि– रू. 10,000/–	**रचनात्मक कब्जा**	**30.10.2026** दोपहर 03.00 बजे से शाम 05.00 बजे के बीच

***नीलामी के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in एवं https://baanknet.com देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी, सम्पत्ति नं0 मो0 **8477009464** विस्तृत नियम और शर्तों के लिए यह QR कोड स्कैन करें:–

दिनांकः 24.09.2026 स्थान- बिजनौर प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बडौदा